तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 20 जून 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

16 खरीफ फसल की तैयारी शुरु, ट्रैक्टर और नांगर-बैल...



16 कर वसूली में तेजी लाने सीएमओ ने बनाई सख्त...



# मुख्यालय के अधिकांश पंपों में नहीं ईंधन, ट्रैक्टर लेकर पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के अधिकांश पेट्रोल पंपों में अब भी ईंधन नहीं होने के कारण जहां ईंधन मिल रहा है उन पंपों में दबाव बढ़ गया है। डिब्बे में ईंधन नहीं दिए जाने के निर्णय के बाद किसान परेशान है और उन्हें ट्रैक्टरों को पंपों तक लाने के लिए भी ईंधन जलाना पड़ रहा है।

बता दें कि इन दिनों बारिश की शुरुआत हो रही है और अब किसानी कार्य में तेजी आ रही है। ऐसे में किसानों को इस परेशानी से दो चार होना पड़ रहा है।

- डिब्बे में ईंधन नही दिए जाने के निर्णय के बाद किसान परेशान, ट्रैक्टरों को पंपों तक लाने के लिए जलाना पड़ रहा है ईंधन

## घंटों में लाइन में खड़े रहने के बाद भी किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा



### खेत में खड़े ट्रैक्टरों को लेकर किसान परेशान

किसान देवप्रसाद निवासी ने बताया कि जिनके पास ट्रैक्टर है वह ट्रैक्टर लेकर आ रहे हैं लेकिन खेती करते वक्त अचानक डीजल खत्म हो जाती है तो जरीकेन लेकर आना पड़ता है, ऐसे में भी पंपों में ईंधन नहीं दिए जाने से परेशानी होती है। किसान रघुवीर ने बताया कि डीजल का अकाल पड़ा हुआ है उसने बताया कि किराये में ट्रैक्टर तो मिल जाता है लेकिन डीजल नहीं मिल पाने से खेती किसानी में अड़चन आएगी। लिहाजा किसान ही नहीं आम लोग भी अत्यंत परेशान हैं।

पंपों में ट्रैक्टरों की कतार लग रही है और किसानों को फ्यूल मिल जाए। वहीं पंपों में पेट्रोल को लेकर भी किल्लत बनी हुई है। ठीक बोआई के वक्त किसान ईंधन संकट से जूझ रहे हैं। उस अन्नदाता को इस वक्त खेतों में होना चाहिए था लेकिन वो पेट्रोल पंपों पर कतारों में खड़ा है। खेतों की जुताई और बुआई का समय आ चुका है लेकिन ट्रैक्टरों को चलाने के लिए डीजल है ही नहीं जैसे ही किसी पेट्रोल पंप पर डीजल का टैंकर पहुंचता है। लेकिन, कई बार ऐसा हो रहा है कि घंटों में लाइन में खड़े रहने के बाद भी कई किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### भाई के साथ मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम खैरझिटी में गाली गलौज और मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरोत्तम सिन्हा ने बताया कि 17 जून को वह सुबह 10 बजे अपने घर में था, इसी बीच उसके भाई नारायण सिन्हा ने मां राधा बाई सिन्हा को पैसा नहीं देने पर खींचते हुए गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकाल दिया। जिसे मना करने पर प्रार्थी के साथ भी गाली गलौज करते हुए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए ईंट से सिर से दे मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शराब बिक्री कर रही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने कन्या छात्रावास के पास शराब की बिक्री कर रही एक महिला के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद कन्या छात्रावास वार्ड नं- 02 बसना के पास कुमारी कोसारिया पति राजकुमार कोसरिया (34 साल) वार्ड नं- 02 बसना के कब्जे से 07 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद कर रा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### दवा फैक्ट्री के पास से बाइक चोरी

**महासमुंद।** बिरकोनी के दवा फैक्ट्री के पास से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी व बेमचा निवासी एवन साहू ने बताया कि वह 9 एम मेडिसिन फैक्ट्री बिरकोनी में काम करता है। 15 जून की सुबह 8 बजे अपनी हीरो स्पेलेंडर प्लस क्र. सीजी 04 केएस 0177 को 9 एम मेडिसिन फैक्ट्री बिरकोनी के पास खड़ी किया था। रात 8 बजे काम से वापस पार्किंग के पास आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बम्हनी में युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में युवक के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को अमीर ढीढी ने बताया कि 18 जून की रात 10.30 बजे मैं खाना खाकर घूमने के लिये निकला था। ग्राम चिंगरौद आम रोड पीपल पेड़ के पास भानू बंजारे बैठा था, उसी समय मेरा दोस्त दिलीप बंजारे आया, जो रायपुर में रहकर काम करता है हम दोनों आपस में बैठकर बात कर रहे थे। कुछ समय बाद दिलीप अपने घर चला गया। तभी भानू बंजारे पास आकर बेवजह गाली गलौज करने लगा, जब उसने मना किया तब जान से मारने की धमकी देकर सिर में मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पीएटी और पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) द्वारा आयोजित की जाने वाली प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) और प्री-वेटेरिनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) प्रवेश परीक्षा 28 जून को होगी। परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 1. 15 बजे तक निर्धारित किया गया है, जिसके सफल और शांतिपूर्ण संचालन के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। धरमपुरा, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय शांति नगर और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं।

**कार्रवाई:** एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और बसना पुलिस की कार्रवाई

# साढ़े चार करोड़ की गांजा तस्करी का मास्टर माइंड यूपी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केला की आड़ में तकरीबन 4.5 करोड़

- आरोपी उत्तर प्रदेश सहित आंध्रा के 10 से अधिक शराब दुकानों का ठेकेदार निकला

रुपए का गांजा (912 किलो) की तस्करी के मास्टर माइंड को अंततः पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस तस्करी का मास्टर माइंड और मुख्य आरोपी विनय शर्मा शामिल उत्तर प्रदेश सहित आंध्रप्रदेश राज्य में 10 से अधिक शराब ठेकों का मालिक है, जिसकी आड़ में नशे का अंतरराज्यीय कारोबार चला रहा था। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स और बसना पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने गांजा सप्लायर रमाकांत व बबलू- ओडिशा, मुख्य बिचौलिया रामजी ठाकुर और कैरियर अब्दुल नईम- झारखंड को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के व्यापार को जड़ से



खत्म करने के लिए महासमुंद पुलिस द्वारा 'सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन तक' कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में थाना बसना के अपराध क्रमांक 197/2026 (धारा 20(बी)(ii)(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट एवं 336(2), 338, 340 बीएनएस) के तहत पुलिस ने सिंडिकेट के मुख्य सरगना और नशा माफिया विनय शर्मा उर्फ पंडित जी को उत्तर प्रदेश के शामली (झिंझाना) से 17 जून को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि 17/04/2026 को थाना बसना पुलिस द्वारा पलसापाली बैरियर पर नाकाबंदी कर एक आयशर माल वाहक वाहन (एपी 39 टीटी 4556) को पकड़ा गया था। पुलिस को चकमा देने हेतु इसमें कच्चे केले के नीचे 29 प्लास्टिक बोरियों में छिपाकर रखा गया 912.760 किलो अवैध गांजा (कीमत लगभग 4.5 करोड़ रुपये) जब्त किया गया था। इस दौरान 04 फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद हुई थीं। इस गांजा को ओडिशा के कंधमाल से लोड कर उत्तर प्रदेश के शामली में आरोपी विनय शर्मा के पास पहुंचाया जा रहा था। विवेचना के दौरान पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ एवं मास्टरमाइंड रामजी ठाकुर के मेमोरेंडम, मोबाइल के सूक्ष्म तकनीकी विश्लेषण से यह स्पष्ट हो गया था कि इस पूरे कारोबार का मुख्य रिसीवर और फायनेंसर विनय शर्मा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए थाना बसना से एक विशेष पुलिस टीम शामली (उत्तर प्रदेश) भेजी गई।

जांच पुलिस टीम द्वारा आरोपी विनय शर्मा पिता संतोष शर्मा (50 वर्ष) निवासी कुलमाली, जिला शामली, उत्तरप्रदेश) को 17 जून को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से शराब, भांग और गांजे के अवैध व्यापार का बड़ा सरगना है। गिरफ्तार मुख्य आरोपी विनय शर्मा को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय शामली (उत्तर प्रदेश) के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड स्वीकृत कराया गया है तथा उसे महासमुंद लाया जा रहा है।

# मंदिर की दान पेटी से नकदी, आभूषण और शाला परिसर से पंप व केबल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं में

- लगातार हो रही चोरियों ने बढ़ाई नगरवासियों की चिंता, पुलिस ने कहा- जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

चोरी के दो मामले और जुड़ गए। गुरुवार रात पिथौरा शहर के मध्य और पुलिस थाना से कुछ ही दूरी पर स्थित परमेश्वरी धाम मंदिर से अज्ञात चोरों ने भगवान के आभूषण सहित दानपेटी से नकदी पार कर दी। मंदिर प्रबंधन और पुजारी के अनुसार सोना, चांदी और नकदी सहित करीब दो लाख रुपये की चोरी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुँच पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वहीं तेंदूकोना थना अंर्तगत ग्राम साल्हेभांठा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला से अज्ञात ने स्कूल परिसर में लगे मोटर पंप और केबल वायर की चोरी हुई है। जानकारी के अनुसार पिथौरा के मुख्य मार्ग स्थित परमेश्वरी धाम मंदिर के पुजारी आज सुबह मंदिर पहुँचे तो उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई । बाद उन्होंने मंदिर प्रबंधन व पुलिस को इसकी सूचना दी। पुजारी ने बताया कि रोज की तरह जब वह सुबह स्थानीय श्रद्धालु के साथ पूजा-पाठ के लिए मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था, दान पेटी टूटी हुई थी और भगवान के विग्रह से कीमती आभूषण गायब थे। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोरों ने गर्भगृह में घुसकर भगवान के छत्र व अन्य आभूषण सहित दानपेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नकदी मिलाकर करीब दो लाख की चोरी कर ली।



घटना के बाद उन्होंने प्रबंधन व पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच और पतासाजी शुरू कर दी है। पुलिस पतासाजी में लगी है।

### स्कूल परिसर में हजारों की चोरी

इधर, तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम साल्हेभांठा में अज्ञात ने शासकीय प्राथमिक शाला परिसर से मोटर पंप और केबल वायर पार कर दी। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेभांठा शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधानपाठक मालती साहू ने थाने में शिकायत की है कि 16 जून को शाला प्रारंभ होने पर जब मोटर पंप चालू किया तो पंप चालू नहीं हुआ। दूसरे दिन जब मिस्त्री को बुलाकर जांच कराई तो मोटर पंप और 100 फिट का केबल वायर कीमत 26 हजार 437 रुपए नदारद थे।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट



**महासमुंद।** सितली नाला शराब दुकान के पास पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। कुम्हारपारा के बसंत साहू ने पुलिस को बताया कि 17 जून की शाम 4 बजे काम करके अपने घर वापस जा रहा था। ग्राम खैरा सितली नाला शराब दुकान के पास उसी के मोहल्ले का कुलदीप ध्रुव आया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज और मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# पेपर लीक के कारण देश के युवाओं पर पड़ रहा आर्थिक और मानसिक बोझ

## कांग्रेस ने परीक्षा प्रणाली पर उठाए सवाल, कहा-प्रणाली की विफलता और जवाबदेही का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने आगामी रविवार को होने वाली देश



की चिकित्सा प्रवेश परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही है। उन्होनें इसे देश की परीक्षा प्रणाली की विफलता और जवाबदेही का अभाव बताया।

यादव ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार द्वारा ठोस जवाबदेही तय नहीं की गई है। छात्रों का भविष्य अधर में अव्यवस्था के कारण वर्ष 2026 में पुनः परीक्षा आयोजित कराने की नौबत आ गई है। जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है।

उन्होनें कहा कि देश के इतिहास में रेल दुर्घटना होने पर तत्कालीन रेल मंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। परंतु आज, इतनी बड़ी विफलता के बाद भी शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से न तो जवाब लिया जा रहा है और न ही उनका इस्तीफा लिया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होनें कहा कि सिस्टम फेल होने के कारण वायुसेना की सहायता लेनी पड़ रही है। यदि व्यवस्था सुरक्षित है, तो सरकार को ऐसे असाधारण कदम उठाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है?

छात्रों पर पड़ रहे मानसिक और सामाजिक प्रभाव के चलते छात्रों का मनोबल टूटा हुआ है। अनेक छात्र-छात्राएं गंभीर मानसिक तनाव और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। कुछ विद्यार्थियों ने आत्महत्या जैसा कठोर कदम भी उठाएं है। कोटा में एक छात्र (स्नेहा) का सुसाइड नोट इस कड़वे सच को उजागर भी करता है। उन्होनें बताया कि देश के 22 लाख नीट के अभ्यर्थी और उनके परिवार कोचिंग हॉस्टल, किताबों और फीस पर सालाना 1.32 लाख करोड़ खर्च करते हैं। यह राशि पूरे भारत सरकार के शिक्षा बजट तकरीबन 1.40 लाख करोड़ के लगभग बराबर है। एक छात्र पर औसतन 26 लाख का खर्च आता है। गरीब परिवारों के पास दोबारा परीक्षा केंद्र तक जाने के लिए भी पर्याप्त आर्थिक संसाधन नहीं हैं।

### कांग्रेस ने दोहराई अपनी मांग

सरकार से कांग्रेस ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर कहा है कि पेपर लीक के मामलों में अब तक कितने दोषियों को कठोर दंड दिया गया, सरकार इसकी स्थिति स्पष्ट करें। एनटीए और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। शिक्षा व्यवस्था में व्यापक और स्थायी सुधार किए जाएं ताकि बार-बार परीक्षा रद्द होने की नौबत न आए और परीक्षाओं पर लगने वाले 18% जीएसटी को तत्काल हटाया जाए।

### आंदोलन और आगामी रणनीति

प्रशासनिक लापरवाही और राजनीतिक संरक्षण के खिलाफ कांग्रेस ने ₹शिक्षा बचाओ, अपना भविष्य बचाओ₹ के नारे के तहत देशव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की है। जिसके तहत 17 जून 2026 कोटा, राजस्थान में महासम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ जहां 3,000 कोचिंग छात्रों ने राहुल गांधी के साथ सीधा संवाद किया।

**षोडश संस्कार, धर्मशास्त्र, कर्मकांड का दिया गया प्रशिक्षण**

# पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का गरिमामय समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

8 जून से 15 जून 2026 तक छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम रायपुर द्वारा आयोजित पौरोहित्य प्रशिक्षण शिविर का समापन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह में संस्कृत विद्या मंडलम के सचिव डॉ. विजय खंडेलवाल, मंडलम से पधारे सहायक संचालक अमित शुक्ला, डॉ. गरिमा ताम्रकर, डॉ. व्यासनारायण आर्य, आर्ष ज्योति गुरुकुल आश्रम, कोसरंगी के प्राचार्य मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, धर्मराज, पं. पंचानन शास्त्री, पं. ओंकार शास्त्री तथा आर्ष कन्या गुरुकुल, बीकेबाहरा की भूमिदात्री हेमलता साहू विशेष रूप से





उपस्थित रहीं।

शिविर के दौरान प्रशिक्षार्थियों को षोडश संस्कार, धर्मशास्त्र, कर्मकांड तथा ज्योतिष विद्या का व्यावहारिक एवं सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वैदिक परम्पराओं के अनुरूप योग्य, संस्कारवान एवं दक्ष पुरोहितों का निर्माण करना था। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने प्रशिक्षार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए वैदिक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में पौरोहित्य शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

प्रशिक्षार्थियों ने भी शिविर के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को सभी अतिथियों के समक्ष साझा किया तथा प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं संस्कारों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

समारोह के दौरान सचिव द्वारा शिविर के प्रशिक्षकों आचार्य भूषण शर्मा, आचार्य सत्यम भारद्वाज, आचार्य रामप्रकट दुबे, आचार्य कुशल शास्त्री एवं शारीरिक शिक्षा प्रदान करने वाले आर्यवीर नूतन यादव को स्मृति-चिह्न, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही शिविर में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. व्यासनारायण आर्य द्वारा किया गया। यह शिविर वैदिक परंपराओं के संवर्धन तथा दक्ष एवं संस्कारवान पुरोहितों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# चखना सेंटर में चाकूबाजी मामले में दो माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा स्थित देशी शराब दुकान के पास स्थित चखना सेंटर में दो महीने पहले हुई चाकूबाजी की घटना के दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 6 अप्रेल को को घटनास्थल के पास स्थित चखना दुकान चलाने वाले मोनेश यादव पिता प्रेमलाल यादव (21 वर्ष) विराजपाली एवं छन्नू चक्रधारी के साथ ग्राहक गनपत निषाद पिता शत्रुघन निषाद (21 साल) का सामान खरीदी के लेनदेन को लेकर तीनों के बीच विवाद हुआ। विवाद होने के बाद गनपत चखना सेंटर से चला गया और अपने अन्य साथी अर्जुन गोस्वामी, शिवा मांझी, सोनू देवांगन व एक नाबालिग को फोन कर बुलाया। इसके बाद सभी धारदार हथियार लेकर चखना सेटर पहुंचे और मोनेश यादव पर धारदार चाकू से वार किया। जिससे मोनेश के पीठ, पेट व व बांये हाथ पर गंभीर चोट आयी थी। डॉयल 112 की टीम व थाना स्टॉफ सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंचा, इस दौरान तीन आरोपी फरार हो गये व दो आरोपी गनपत निषाद व एक विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार किया गया। बागबाहरा पुलिस द्वारा प्रार्थी की रिपोर्ट पर अप क्र. 74/2026 धारा 296, 191(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसके बाद 03 फरार आरोपियों अर्जुन गोस्वामी, सोनू देवांगन, शिवा मांझी की पता तलाश की जा रही है। बागबाहरा पुलिस की लगातार सतत प्रयास एवं सक्रिय मुखबीरी तंत्र के माध्यम से 19 जून को प्रकरण में शामिल व लंबे समय से फरार आरोपी सोनू देवांगन पिता आदिकांत देवांगन (18 साल 3 माह) वार्ड नं 3 थानापारा बागबाहरा एवं अर्जुन गोस्वामी पिता विनोद गोस्वामी (20 साल) वार्ड नं 4 थानापारा बागबाहरा को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में दोनो आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



# महिला स्व-सहायता समूह करेंगे सब्जी व मसालों की खेती, ताकि बच्चों को मिले ताजा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मंत्रालय में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की राज्य स्तरीय मॉनिटरिंग सह संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य सचिव विकासशील ने कड़े निर्देश दिए हैं कि राज्य की सभी शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को योजना के तहत अनिवार्य रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट किया कि स्कूलों में योजना के संचालन की लगातार जमीनी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें और भोजन पकाने के लिए नियमित रूप से रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो।

### गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना और सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन पकाने की व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों और उनके आस-पास स्थित स्कूलों में पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत सेंट्रल किचन के माध्यम से भोजन तैयार कर सप्लाई किया जाना चाहिए, ताकि भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का स्तर उत्कृष्ट रहे। बैठक में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, संचालक नागरिक आपूर्ति निगम इफ्फत आरा सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### शहर के साथ-साथ समीपस्थ क्षेत्रों में भी सेंट्रल किचन से सप्लाई

**पीएम पोषण शक्ति योजना : समीक्षा में दिए गए निर्देश**



### आमदनी में होगा इजाफा

योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पोषण से जोड़ते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे भोजन तैयार करने वाले महिला स्व-सहायता समूहों को सब्जी और मसालों की खेती के लिए प्रोत्साहित करें। इससे स्कूलों में बच्चों को ताजी व हरी सब्जियां मिलेंगी और साथ ही इन महिला समूहों की आमदनी में भी इजाफा होगा।गौरतलब है, राज्य के 56 हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में यह योजना संचालित है। इन स्कूलों के माध्यम से 29 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दैनिक रूप से गरम भोजन और पूरक पोषण दिया जा रहा है। भोजन तैयार करने के कार्य में 86 हजार से ज्यादा रसोइया जुड़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### 23 को कैबिनेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की कैबिनेट की बैठक 23 जून को 11.30 बजे मंत्रालय में बुलाई गई है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में विधानसभा के मानसून सत्र की तैयारी और लाए जाने वाले विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही खरीफ सीजन और आपदा प्रबंधन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे। अन्य विभागों के प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।

### भारतीय वन सेवा के सात अफसरों का स्थानांतरण

**रायपुर** । वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने गुरुवार को सात भारतीय वन अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक कांकेर सीसीएफ राजेश कुमार चंदेले, जगदलपुर सीसीएफ आलोक तिवारी का स्थानांतरण वन मुख्यालय किया गया है। इसी तरह राम अवतार दुबे मुख्य वन संरक्षक कार्योजना बिलासपुर राज्य वन विकास निगम के क्षेत्रीय महाप्रबंधक बनाए गए हैं। वन मुख्यालय में वन संरक्षक के पद पर पदस्थ विवेकानंद झा कांकेर के प्रभारी सीसीएफ बनाए गए हैं। लक्ष्मण सिंह का वन मुख्यालय से स्थानांतरण बिलासपुर किया गया है, वे वहां वन संरक्षण कार्य योजना मंडल के प्रभारी होंगे। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर स्टायलो मंडावी को सीसीएफ जगदलपुर का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है। राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी निर्मला खेस का स्थानांतरण रायपुर जिला वन अधिकारी, अनुसंधान एवं विस्तार प्रभाग किया गया है। वन मुख्यालय में संपदा अधिकारी के पद पर पदस्थ अनिमेश गोवर्धन को वन मुख्यालय में ही वन उप संरक्षक (रोकड़) के पद पर स्थानांतरण किया गया है।

### योग आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय अग्रवाल

**रायपुर।** राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के पद पर बिलासपुर निवासी संजय अग्रवाल को नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार योग को स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम मानती है। योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन और सकारात्मकता का भी संचार करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जन-जागरूकता एवं योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### ओवररेट पर शराब बिक्री तीन अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** अधिक दर पर शराब बेचने के मामले में उड़नदस्ता की रिपोर्ट पर आबकारी विभाग के तीन अफसरों को निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार, उड़नदस्ता टीम दुर्ग ने अंजोरा में ओवररेट पर शराब बेचे जाने के मामले में जांच की, जिसमें आबकारी उप निरीक्षक हरिश पटेल की लापरवाही होने की बात कही गई। वहीं कांकेर जिले के दुर्गकोंदल में बीयर की अधिक दर पर बिक्री के मामले में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भानुप्रतापपुर ओमप्रकाश को लापरवाह मानते हुए निलंबित किया गया है। तीसरा मामला सरगुजा जिले का है, जहां विदेशी कम्पोजिट दुकान बौरीपारा में अधिक दर पर मदिरा बेचने के मामले में अंबिकापुर वृत्त के उप निरीक्षक अनिल गुप्ता को निलंबित किया गया है।

## प्रति एकड़ फसल तैयार करने में अब 25 हजार रुपए से अधिक लागत

# महंगाई ने तोड़ी किसानों की कमर, खाद, बिजली जोताई-रोपाई सभी की कीमत डेढ़ गुना तक बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


खास खबर

महंगाई की मार किसानों की कमर तोड़ रही है। एक ओर जहां सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश की किल्लत के कारण किसानों को महंगे दाम पर बाजार से ये सभी चीजें खरीदनी पड़ रही हैं, वहीं दूसरी ओर डीजल-पेट्रोल एवं बिजली की दरें बढ़ने के कारण रोपाई-जोताई का खर्च भी डेढ़ गुना तक बढ़ गया है। मजदूरी अलग। इस तरह प्रति एकड़ धान की फसल तैयार करने में पहले जहां लगभग 15 से 17 हजार रुपए तक खर्च आता था, वहीं सभी चीजों की कीमत बढ़ने के बाद अब 25 हजार रुपए से अधिक खर्च करना पड़ेगा। हरिभूमि से बातचीत करते हुए कुछ किसानों ने बताया कि डीजल-पेट्रोल, बिजली, मजदूरी सभी की कीमत बढ़ गई है, जिससे खेती करना भी मुश्किल होता जा रहा है। अगर महंगाई इसी तरह बढ़ती रही, तो आगामी दिनों में छोटे किसानों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। महंगाई के कारण वे खेती करना भी बंद कर सकते हैं।

हरिभूमि ने गुरुवार को बढ़ती महंगाई का असर किसानों पर कितना पड़ा है, इसकी पड़ताल करने छोटे-बड़े कई किसानों से बातचीत की। इस पड़ताल में पता चला कि बढ़ती महंगाई अब किसानों की कमर तोड़ रही है। किसानों के लिए कोई भी फसल तैयार करने में लगने वाली लागत पिछले कुछ वर्ष में डेढ़ से दो गुना तक बढ़ गई है। प्रदेश में खेती का रकबा लगातार घटने का एक बड़ा कारण यह भी है। लागत बढ़ने के कारण छोटे किसानों को कर्ज लेना पड़ता है, वहीं अगर फसल मनचाही तैयार नहीं हुई, या किसी प्रकार की आपदा की स्थिति आने पर फसल को नुकसान होता है, तो उनकी कमाई और कम हो जाती है। कई बार तो प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों की फसल तैयार करने में लगाई गई लागत भी निकल नहीं पाती।

### डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से हार्वेस्टिंग, ट्रांसपोर्टिंग का खर्च भी बढ़ा

देश इन दिनों ईंधन के संकट से गुजर रहा है, जिसके कारण डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ा दी गई है। फसल तैयार होने के बाद कटाई के लिए किसान अब हार्वेस्टिंग का उपयोग करते हैं। पिछले खरीफ सीजन में प्रति एकड़ फसल में हार्वेस्टिंग का खर्च जहां दो हजार रुपए था, वहीं डीजल-पेट्रोल की कीमत बढ़ने से इस बार ढाई हजार रुपए तक पहुंच गया है।





### प्रति एकड़ धान की फसल की लागत इस वर्ष डेढ़ गुना बढ़ी

| | पिछले वर्ष | इस वर्ष |
|---|---|---|
| यूरिया | 266.50 | 266.50 |
| डीएपी | 1350 | 1350 |
| पोटाश | 1975 | 1975 |
| जोताई दो बार | 4000 | 6000 |
| रोपाई | 6000 | 8000 |
| बीज | 1700 | 1700 |
| हार्वेस्टिंग | 2000 | 2500 |
| पानी, बिजली, मजदूरी सहित अन्य खर्च. | 3000 | 5000 |





### रोपाई भी 6 हजार की जगह 8 हजार में

किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ रोपाई करने में पहले दो हजार रुपए तक लागत आती थी, लेकिन इस बार 7 से 8 हजार रुपए तक हो गई है। डीएपी, यूरिया, पोटाश, उर्वरक ज्यादातर बाजार से महंगे दाम पर खरीदना पड़ रहा है। इसके कारण इसकी लागत भी डेढ़ से दोगुना तक ज्यादा लगती है। सोसाइटी में जिस डीएपी का मूल्य 1350 रुपए प्रति बोरा है, वहीं बाजार में उसका मूल्य 2500 रुपए है। यूरिया भी सोसाइटी में प्रति बोरी 266 रुपए है, जबकि बाजार में 450 से 5500 रुपए है। पोटाश सहित अन्य दवाइयों की कीमत भी बाजार में डेढ़ से दोगुना अधिक है।

# ट्राइबल यूथ हॉस्टल के 13 अभ्यर्थी यूपीएससी प्रीलिम्स में हुए सफल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ मुख्यमंत्री ने दी बधाई, कहा- युवा शक्ति की सफलता विकसित छत्तीसगढ़ की नई पहचान

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परिणामों में छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। नई दिल्ली के द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में रहकर तैयारी कर रहे 13 अभ्यर्थियों ने प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति की प्रतिभा, परिश्रम और अटूट संकल्प का प्रमाण है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और करियर निर्माण के लिए बेहतर अवसर एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन युवाओं की सफलता प्रदेश के हजारों विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने की प्रेरणा देगी। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 में सफल होने वाले विद्यार्थियों में गौतम कुमार, कुलभूषण सिंह पोया, हरि चंद्र प्रकाश सिंह, मयंक रात्रे, मलिकराम पटेल, आर्यन राठौर, चेतन लाल, हरीश कुमार पटेल, किशन लाल साहू, सत्यनारायण चंद्राकर, दीक्षा दिवाकर, विकेश कुर्रे तथा प्रकाश पटेल शामिल हैं।

### यूथ हास्टल की क्षमता में वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा, समाज के वंचित एवं प्रतिभाशाली युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि करते हुए सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 200 कर दी गई है। इस निर्णय से प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों, जनजातीय क्षेत्रों एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को देश की राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का बेहतर अवसर प्राप्त हो रहा है।

### सकारात्मक परिणाम

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा, यह सफलता राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध कराए जा रहे शैक्षणिक अवसरों और मार्गदर्शन व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम है। यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 13 अभ्यर्थियों की सफलता ने इस संस्थान की उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ दिया है।

# 120 वर्ष पुरानी ओड़िया भाषा की 11 दुर्लभ हस्तलिखित पांडुलिपियां पोर्टल में होंगी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ज्ञानभारतम मिशन के अंतर्गत जिले में प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य जारी है। इसके तहत विभिन्न ऐतिहासिक पाण्डुलिपियों का संग्रहण कर उन्हें ज्ञानभारतम् पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।

इसी क्रम में रायपुर निवासी कमल वैद्य के पास 120 वर्ष पुरानी ओड़यिा भाषा में 11 पांडुलिपियां मिली है, जिसे वे वर्षों से संभाल कर रखे हुए हैं। इन पांडुलिपियों को अब ज्ञानभारतम पोर्टल में दर्ज किया जाएगा।



■ कलेक्टर ने पांडुलिपियों का अवलोकन कर कमल वैद्य को किया सम्मानित

### कलेक्टर ने किया अवलोकन

कलेक्टर गौरव सिंह ने कमल वैद्य के कार्यालय पहुंचकर पाण्डुलिपियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें शॉल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित यह अभियान प्राचीन ज्ञान-संपदा के संरक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटलीकरण के माध्यम से भावी पीढ़ियों के लिए हमारी अमूल्य विरासत को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों, ताम्रपत्रों को संरक्षित करना हम सब की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त अंजलि शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन कार्ड सदस्य की तरह अब पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य

■ पंजीयन विवरण को आधार कार्ड से मेल कराने विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड सदस्यों की तरह श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को भी ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया के तहत श्रमिकों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### संशोधन कराने 20 रुपए शुल्क निर्धारित

ईकेवायसी के पूर्व पंजीकृत श्रमिकों के पंजीयन कार्ड की जानकारी जैसे नाम, जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर आदि का आधार कार्ड में दर्ज विवरण के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में संचालित लोक सेवा केंद्रों एवं सीएससी, च्वाईस सेंटरों को इस कार्य के लिए अधिकृत किया है। पंजीयन विवरण में संशोधन एवं सत्यापन के लिए 20 रुपए प्रति शुल्क निर्धारित किया है। श्रम विभाग ने सभी पंजीकृत श्रमिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र या च्वाईस सेंटर में पंजीयन कार्ड में दर्ज विवरण को आधार कार्ड के अनुरूप सत्यापित एवं संशोधित कराएं।



फाइल फोटो

### ई-केवायसी कराना अनिवार्य

पंजीकृत श्रमिकों को ई-केवाईयसी कराना अनिवार्य है। ई-केवायसी कराने वाले श्रमिकों को ही योजनाओं का लाभ मिलेगा। ईकेवायसी से अब मृत एवं डुप्लिकेट नाम हट जाएंगे।

- **देवेंद्र देवांगन,** प्रभारी श्रमायुक्त, श्रम विभाग रायपुर

### ईकेवायसी से डूप्लीकेट के अलावा मृत श्रमिकों के नाम भी सामने आएंगे

ई-केवायसी से अब प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को आधार से जोड़ा जाएगा। इससे डूप्लीकेट नाम वाले श्रमिकों के अलावा जिनकी मृत्यु हो चुकी हैं। ऐसे श्रमिकों के नाम ऑटोमेटिक पोर्टल में ब्लॉक हो जाएंगे। इस तरह पात्र पंजीकृत श्रमिक ही योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

### फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद कराया जा रहा केवायसी

श्रम विभाग में श्रमिकों के पंजीयन कराने में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आ चुका है। एक हितग्राही ने अपने नाम से दो से अधिक बार पंजीयन करा लिए थे। रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2026 की स्थिति में श्रम विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार विभाग मंडल अंतर्गत 45 हजार 291 निर्माण श्रमिक, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 12 हजार 797 असंगठित कर्मकारी तथा छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल अंतर्गत 4 हजार 547 संगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। इन पंजीकृत श्रमिकों में बड़ी संख्या में ऐसे भी श्रमिक थे, जिनके नाम एक से अधिक बार पंजीयन हैं। अधिकारियों का कहना है कि आधार से लिंक नहीं होने के कारण हितग्राही का एक से अधिक बार पंजीयन हो गए हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान जैसे-जैसे डूप्लीकेट पंजीकृत श्रमिकों के नाम सामने आ रहे हैं, उन्हें निरस्त किए जा रहे हैं।

# हमर क्लीनिक बनाने फंड का लोचा... कहीं आधे-अधूरे तो कहीं भवन के सामने हो गया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ बनने थे 76 हमर क्लीनिक, चार साल में पचास बन पाए वो भी अधूरे खुले

गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक बनाने की योजना फंड के अभाव में पूरी होने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी रायपुर में कहीं भवन बनाने का काम आधा-अधूरा है, तो कहीं खुलने की तारीख तय नहीं होने के कारण कब्जा हो गया है।

राजधानी में 76 स्थानों पर हमर क्लीनिक बनाने की योजना थी, मगर चार साल बाद भी इसमें से पचास बन पाए जो पूरी तरह नहीं खुल सके हैं। राजधानी में ही आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटकी पड़ी है और भवन निर्माण का काम पूरा नहीं हो पाया है। हमर क्लीनिक के लिए भवन बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है, मगर पर्याप्त फंड नहीं होने की वजह से उनके निर्माण का काम आधा-अधूरा है। किसी इलाके में भवन का ढांचा खड़ा हुआ, तो कहीं बोर्ड लगाकर काम चलाया जा रहा है। कुछ एक स्थान पर तो पिल्हर लगाकर ही काम बंद कर दिया गया है। लोधीपारा इलाके के भावे नगर में हमर क्लीनिक बनाने मिली जगह पर ढांचा खड़ा किया गया इसके बाद निर्माण के लिए राशि की समस्या आने के बाद उसे अस्पताल की शक्ल नहीं दिया जा सका।

देख रेख के अभाव में बन आसपास के अतिक्रमण करने वालों का ठिकाना बना गया। वर्तमान में भवन के बाहर से लेकर भीतर लोगों को कब्जा है और उन्हें बेदखल करने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा है। पर्याप्त फंड की वजह हमर क्लीनिक बनाने का काम कई इलाकों में अटका पड़ा है। हमर क्लीनिक बनाने की योजना पंद्रहवे वित्त आयोग से मिले फंड के बाद दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक के तर्ज पर बनाई गई थी। शुरुआती दौर में तो फंड मिलने के बाद सीजीएमएससी द्वारा धड़ाधड़ कई इलाकों में विशेष प्रकार के भवन का निर्माण कर दिया गया। समय बीतने के बाद आवश्यक निर्माण के लिए फंड की कमी शुरू हुई और काम अधूरा रह गया। नतीजा यह हुआ कि हमर क्लीनिक पूरे नहीं खुले पाए।

### आधा दर्जन स्थानों पर योजना केवल कागजों पर अटका पड़ा भवन का निर्माण

### जहां मरीज भी आने से करते हैं परहेज

बैजनाथ पारा इलाके में खोले गए हमर क्लीनिक में महिला चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ है मौजूद है, मगर यहां मरीज आने से परहेज करते हैं। हमर क्लीनिक का निर्माण ऐसे स्थान पर किया गया है, जो किसी भी लिहाज से सही नहीं है। गांधी मैदान के समक्ष बनाए गए इस क्लीनिक में वॉश रूम जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव है। बहुत ज्यादा जरूरी होने पर मरीज यहां आते हैं अन्यथा स्टाफ खाली बैठा रहता है।




**वीरभद्र नगर में बोर्ड भी हटा :** वीरभद्र नगर में भी काफी समय पहले हमर क्लीनिक बनाने की योजना था। इसके लिए पेट्रोल पंप के सामने की जमीन को चयनित किया गया था। काफी समय तक वहां हमर क्लीनिक का बोर्ड भी लगाया गया मगर बाद में काम शुरू होने की वजह से इस बोर्ड को हटा लिया गया। इसी तरह मठपारा इलाके में हमर क्लीनिक का संचालन सामुदायिक भवन में संचालित हो रहा है।

### हैंडओवर होते ही शुरू करेंगे

हमर क्लीनिक के भवन निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है। निर्माण पूरा होने के बाद भवन हैंडओवर होने पर इसका संचालन स्वास्थ्य विभाग करता है। आधिपत्य मिलने के बाद बाकी स्थानों पर हमर क्लीनिक शुरू किया जाएगा।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीजीएमएससी

### नयापारा में केवल पिल्हर लगा

*सदरबाजार के नयापारा इलाके में रहने वालों को प्राथमिक स्वास्थ्य की निशुल्क सुविधा देने के लिए हमर क्लीनिक बनाने का काम शुरू किया गया। शुरुआती दौर में भवन बनाने यहां पिल्हर तो लगाए गए इसके सीजीएमएससी के ठेकेदारों ने इधर मुड़कर भी नहीं देखा। क्षेत्र के पार्षद ने बताया कि हमर क्लीनिक की सुविधा के लिए वे काफी समय से प्रयासरत है। कार्पोरेशन के जिम्मेदारों ने उन्हें फंड नहीं होने का हवाला दिया है।*

## खबर संक्षेप



### दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन देखने भारी भीड़, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा

**सरायपाली।** नगर के नई मंडी के सामने मुख्य मार्ग के पास अचानक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलीन देखा गया, जिसे स्थानीय युवाओं की सूचना पर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। मिली जानकारी अनुसार शहर के गौरव पथ में स्वीटी ऑटो के पास रात्रि करीब11:30 बजे कुछ लोगों ने एक दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलीन को देखा। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पैंगोलीन का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्युष टांडेय ने बताया कि रेस्क्यू के बाद नियमानुसार पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर पैंगोलीन को उसके प्राकृतिक रहवास गोमर्डा अभ्यारण्य में सुरक्षित छोड़ा गया।

### नार्थ जोन में चलाया मुसाफिर जांच अभियान

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर खमतराई, उरला, गुढ़ियारी, पंडरी तथा खम्हारडीह थाना क्षेत्र के टीआई एवं उनके स्टाफ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत व्यापक मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। पुलिस टीम द्वारा बाहरी घुमंतू व्यक्तियों, डेरे एवं अस्थायी रूप से निवास कर रहे लोगों की चेकिंग की गई। साथ ही बाहरी गिरोहों एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक पूछताछ एवं सत्यापन की कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान बाहरी व्यक्तियों से क्षेत्र में आने का कारण, अन्य राज्यों एवं जिलों में उनके आवागमन एवं संभावित आपराधिक संलिप्तता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।
संबंधित व्यक्तियों के आधारकार्ड एवं अन्य पहचान पत्रों का सत्यापन कर आवश्यक अभिलेख तैयार किए गए।

### नगरीय प्रशासन विकास विभाग का तत्कालीन चीफ इंजीनियर गिरफ्तार

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन, विकास विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर को एसीबी, ईओडब्लू की टीम ने टेंडर के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी को जांच एजेंसी ने गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 27 तारीख तक पुलिस रिमांड हासिल की है। आरोप है कि गिरफ्तार चीफ इंजीनियर ने वर्ष 2019 से 2023 तक अपने पद रहते हुए पद का दुरुपयोग कर टेंडर दिलवाने के बदले रिश्वत ली थी। एसीबी, ईओडब्लू ने नगरीय प्रशासन, विकास विभाग के तत्कालीन मुख्य अभियांता भागीरथ वर्मा को बुधवार को गिरफ्तार किया है। भागीरथ वर्मा को गिरफ्तार करने एसीबी, ईओडब्लू ने रायपुर, बिलासपुर में छह तथा मध्यप्रदेश, उज्जैन के दो ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की, इसके बाद उसकी गिरफ्तारी संभव हो पाई। जांच एजेंसी के दावों के मुताबिक प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, अवैध रकम से अर्जित की गई करोड़ों रुपए की संपत्ति संबंधी दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य एवं अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त किए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार सेवानिवृत्त लोक सेवक की आय से अधिक संपत्ति मामले में जांच जारी है।



# प्रशिक्षण अभियान की समीक्षा एवं संगठनात्मक मजबूती पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक पिथौरा में हुई। बैठक में जिले के समस्त मंडलों में हाल ही में सफलतापूर्वक हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आगामी कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक मंथन किया गया। साथ ही 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं 23 जून को भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान शिक्षाविद एवं राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला संगठन प्रभारी शंकर अग्रवाल, जिला महामंत्री थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन उपोबेजा मंचासीन रहे। बैठक की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की तथा अभियान को सफल बनाने वाले



पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक, संगठनात्मक एवं नेतृत्व कौशल के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्राप्त होती है।

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला संगठन प्रभारी शंकर अग्रवाल ने अपने मार्गदर्शक उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन प्रशिक्षित, अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की शक्ति पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अभियान से प्राप्त ज्ञान, अनुभव एवं संगठनात्मक कौशल का उपयोग बूथ सशक्तीकरण, जनसंपर्क और जनसेवा के कार्यों में किया जाना चाहिए। उन्होंने आगामी योग दिवस एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के कार्यक्रमों को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक आयोजित करने का आह्वान किया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री थानसिंह दीवान एवं जितेंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, मंडल प्रभारी एवं सह-प्रभारी सहित जिले के सभी मंडलों के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पौधे एवं प्रतीकात्मक उपहार प्रदान कर नवप्रेशित छात्रों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव में नए कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सावित्री बाई निर्मलकर उपस्थित रहीं, जिन्होंने नये विद्यार्थियों को पौधे एवं प्रतीकात्मक उपहार प्रदान कर उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। प्रधानाचार्य केआर साहू ने अपने उद्बोधन में कहा, आज का यह दिन आपके भविष्य नींव रखने वाला है। पीएमश्री सेजेस तुमगांव न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि संस्कारों और मूल्यों का भी पालन-पोषण करने वाला संस्थान है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से आप सभी उज्ज्वल भविष्य बना




सकते हैं। प्रधानाचार्य साहू ने विद्यालय की उपलब्धियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा समग्र विकास पर बल देते हुए अभिभावकों और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने अन्य शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि समर्पित शिक्षकगण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। मुख्य अतिथि सावित्री बाई निर्मलकर ने अपने संबोधन में लड़कियों की शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और अनुशासन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, विद्यालय न केवल किताबी ज्ञान देता है बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। उन्होंने नये छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही नये विद्यार्थियों को विद्यालय की पुस्तकें एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इस प्रवेश उत्सव ने नए छात्रों को विद्यालय के प्रति अपनत्व का भाव जगाया और शिक्षा के प्रति उनके उत्साह को बढ़ावा दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, रेवती रमन तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बारिहा, सोनाली साहू, रेणुका साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू मौजूद रहे।

## बैंक सेवा में निम्नता का दोषी परिवादी को 20 हजार मानसिक पीड़ा व 5 हजार वाद व्यय देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला उपभोक्ता आयोग ने बंधन बैंक और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सेवा में निम्नता का दोषी पाते हुए परिवादनी को बीमित राशि ऋण खाते में समायोजित करने का आदेश पारित करते हुए 45 दिवस के भीतर परिवादी को 20 हजार रुपए मानसिक पीड़ा व 5 हजार रुपए वादयय के रूप में देने का आदेश पारित किया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष गोपालरंजन पाणीग्रही, सदस्य टी.दुर्गा ज्योतिराव, गिरिश श्रीवास्तव के समक्ष अनिता दीवान पति स्व. सेवाराम दीवान ने शिकायत प्रस्तुत किया था कि परिवादी के पति सेवाराम दीवान शासकीय नौकरी में शिक्षक थे तथा बंधन बैंक से 20 लाख रुपए तथा 12 लाख रुपए का गृह ऋण लिया था। गृह ऋण की सुरक्षा के लिए बंधन बैंक द्वारा सेवाराम दीवान का जीवन बीमा पालिसी एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से लिया गया था। इस दशा में सेवाराम दीवान की मृत्यु होने पर गृह ऋण की राशि का समायोजन बीमा की राशि से किया जाना था। लेकिन, बैंक ने सेवाराम दीवान की मृत्यु 8 जुलाई 24 को होने के बाद भी बीमा कंपनी से राशि समायोजित न कर परिवादनीय अनिता दीवान के उपर दबाव बनाकर गृह ऋण पटाने के लिए नोटिस आदि भेजकर परेशान करता रहा, जिस पर परिवादनीय ने जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ली। जिसका निर्णय देते हुए आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने शाखा प्रबंधक बंधन बैंक तथा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक को सेवा में निम्रता की दोषी पाते हुए परिवादी का परिवाद आशिंक रूप से स्वीकार कर एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस से कहा है कि सेवाराम दीवान की गृह ऋण खाते में मृत्यु दिनांक के उपरांत देय शेष राशि का विधिवत निर्धारण कर उस पर ब्याज सहित कुल बीमित राशि 18 लाख 84 हजार 47 रुपए की सीमा तक ऋण खाते में समायोजित करें। अभियोजन की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र लालवानी ने पैरवी की।

### एनएचएम कर्मचारियों को बीमा सुरक्षा का लाभ आदेश जारी, सामान्य मृत्यु पर मिलेगा 6 लाख

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा 13 जून को आयोजित प्रदेश स्तरीय एनएचएम कर्मचारी महासम्मेलन में की गई घोषणा पर अमल करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने संबंधी आदेश जारी कर दिया गया है। इससे प्रदेश के हजारों एनएचएम कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के सतत प्रयासों के फलस्वरूप बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कर्मचारियों के लिए एमओयू जारी किया गया है। जिसके तहत व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा 140 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता 140 लाख, स्थायी आंशिक विकलांगता 70 लाख, हवाई दुर्घटना बीमा 200 लाख (2 करोड़), बाल शिक्षा लाभ 5 लाख प्रति बच्चा, अधिकतम 2 बच्चों के लिए 10 लाख, ग्रुप टर्म इंश्योरेंस (सामान्य मृत्यु पर) 6 लाख एवं हेल्थ इंश्योरेंस प्लान रियायती दरों पर बीमा राशि दी जाएगी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने बताया कि इन सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कर्मचारी का वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में सेलरी अकाउंट के रूप में होना आवश्यक है। प्रथम वेतन प्राप्ति के पश्चात एमओयू के प्रावधान लागू हो जाएंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे ने दी है।

### 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कल

**महासमुंद।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार 21 जून 2026 को प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक जिलेभर में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रखी गई है। आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम स्थानीय इंडोर स्टेडियम (बागबाहरा रोड, शासकीय बहुदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय के समीप) में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद अक्षा गुप्ता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने तथा विभागीय अमले सहित कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही कलेक्टर ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में होने वाले योग कार्यक्रमों में सुचारू क्रियान्वयन के लिए जनपद पंचायत सीईओ व नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के जनसामान्य के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए शासकीय/स्वशासी संस्थाओं में अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए व्यक्ति या संस्था द्वारा पंजीयन कर कार्यक्रम के उपरांत फोटो वीडियो योग संगम पोर्टल https://yoga.ayush.gov.in पर अपलोड कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन ने सभी शासकीय एवं निजी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों तथा आम नागरिकों से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की है।

# कसहीबाहरा में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में नव-प्रवेशी बच्चों का स्वागत पुष्प वर्षा व तिलक अभिनंदन कर किया गया। इस दरम्यान विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों का मुंह मीठा कराया गया। कॉपी पेन व पेंसिल सेट अतिथियों द्वारा उपहार स्वरूप दिया गया।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कसहीबाहरा के सरपंच खेदूराम पटेल थे। अध्यक्षता शिक्षाविद भगत राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनार सिंह ठाकुर, हेमंत खुटे, विजय शंकर साहू व भूषण यादव ने अपनी उपस्थिति दी। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधान पाठक हितेश पटेल ने राज्य शासन की योजनाओं का विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मुख्य अतिथि खेदूराम पटेल ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए अपील करते हुए शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के



लिए विशेष योगदान देने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भगत राम पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। शिक्षकों का सम्मान करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की नींव रखने का केंद्र है।

#### नवीन समिति का गठन

शासन के निर्देशानुसार पुरानी समिति को भंग कर सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। नवनिर्वाचित विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष ओमिन यादव, उपाध्यक्ष भगवती यादव, सदस्यगण अम्बिका ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव, शीतल दीवान, नरोत्तम दीवान, प्रेमचंद कोसले, उमेश यादव, गोसाईराम ध्रुव, युधिष्ठिर ध्रुव, पंचायत प्रतिनिधि गोपाल दीवान, शिक्षाविद् भगतराम पटेल, शिक्षक संयोजक संतोष कुमार साहू, सचिव हितेश पटेल शामिल है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमेश यादव, गोपाल दीवान, छमन लाल दीवान, भूषण लाल यादव, नंद कुमार, रेखराम ध्रुव, भगवती, सुमन, अनुसुइया, शीतल, अंबिका ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव, यशोदा ध्रुव, सगनी बाई सहित बड़ी संख्या में पालक, जनप्रतिनिधि एवं स्कूल स्टाफ के संतोष साहू, घनश्याम ठाकुर व दिलीप कुमार पटेल उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने किया।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने किया युवाओं से संपर्क निर्माणाधीन विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**महासमुंद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा के नेतृत्व में 12 साल बेमिसाल विशेष संपर्क अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा घोड़ारी ओवरब्रिज के नीचे आतिशबाजी कर गगनभेदी नारों के साथ जोशीला स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद के छात्रों से भेंट कर राष्ट्र निर्माण में युवा भागीदारी का आह्वान किया। साथ ही निर्माणाधीन अधोसंरचना भवनों का निरीक्षण कर गुणवत्ता पर जोर दिया। नवकिरण अकादमी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से मिलकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही प्रगति पथ यात्रा के तहत अमृत काल के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेल्वे स्टेशन महासमुंद का निरीक्षण किया गया और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। विशेष संपर्क अभियान के तहत वरिष्ठ भाजपा नेता माधव राव टाकसाले एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनिया बांदे का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। इसके बाद खल्लारी विधानसभा स्थित राजमाता मां खल्लारी और माँ चण्डी मंदिर में दर्शन-पूजन कर छत्तीसगढ़ प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल, चिकित्सा प्रकोष्ठ



के प्रदेश सह संयोजक डॉ उत्कर्ष द्विवेदी, भाजयुमो प्रांत टोली से रायपुर संभाग सह-प्रभारी प्रदेश कन्या शक्ति संयोजिका अनु ठेठवार चटर्जी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, आनन्द साहू, नंदू जलक्षत्री, चुनेश्वरी साहू, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी यशपाल लोधी, भाजयुमो प्रदेश विधि व तकनीकी सहप्रभारी मिलिंद चंद्राकर, युवा मोर्चा के जिला महामंत्रीद्वय कामेश बंजारा, प्रखर अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्षगण आकाश पांडे, दुर्गाशंकर दुबे, सोहन पटेल, कन्याशक्ति संयोजिका में निधि लोकेश चंद्राकर, धनेश्वरी सोनवानी, ज्योति चंद्राकर व भाजयुमो मंडल अध्यक्षगणों में राकेश सचदेव, जितेंद्र चंद्राकर, मुनेश साहू, शुभम बाघ, विजय चौधरी, दिनेश कश्यप, जिला मंत्री जतिन रूपरेला, भाजयुमो महामंत्रीगण आयुष दुबे, दीपक राव, लीलेश साहू, भाजयुमो पदाधिकारी अमित साहू, अभिषेक पांडे, दिनेश अग्रवाल, राजा अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, महेंद्र गुप्ता, राहुल साहू, कीर्ति चौहान, द्रोण पटेल, गोपाल प्रधान, डोमार,अंकुश गौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने कहा कि 12 साल बेमिसाल अभियान के माध्यम से भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगा।

### नाबालिग को बेटी बताकर गांजा तस्करी, तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने इंटरस्टेट बस टर्मिनल से एक नाबाविग सहित हरियाणा के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किलो गांजा जब्त किया है। तस्कर नाबालिग को बेटी बनाकर पारिवारिक टूर के बहाने गांजा तस्करी कर हरियाणा ले जाने की फिराक में थे। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने हरियाणा के पलवल निवासी हंसराज, सोनिया गुर्जर उर्फ सोनू तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है।

#### (त्रुटि सुधार)

दिनांक 19/06/2026 को आवेदक लखनु प्रसाद पिता अलख राम द्वारा प्रकाशित ईश्तहार में त्रुटिवश कुल खसरा नंबर 2 कुल रकबा 1765 वर्गफुट प्रकाशित हो गया था। जिसे कुल रकबा 1265 वर्गफुट पढ़ें।

# 50 प्रतिशत की छूट ने बदला ट्रेंड, प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने में महिलाएं हुईं आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन शुल्क में महिला को 50 प्रतिशत की छूट ने पंजीयन विभाग में प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने का ट्रेंड ही बदल दिया है। यह कह सकते हैं कि रजिस्ट्री कराने में भी महिलाएं अब पुरुषों की बराबरी नहीं, बल्कि उनसे आगे निकल गई हैं। राजधानी रायपुर में पिछले मई माह में कुल 2026 रजिस्ट्री हुई हैं, जिनमें 1105 महिलाओं के नाम पर हुई हैं। महिलाओं के नाम पर ज्यादा रजिस्ट्री की वजह जरूर पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट



हो सकती है, लेकिन इसका फायदा महिलाओं को मिलने लगा है। एक ओर जहां पंजीयन विभाग में महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री ज्यादा होने लगी है, वहीं महिलाएं प्रॉपर्टी की ऑनर भी बनने लगी हैं। इससे पहले तक पुरुषों के नाम पर ही ज्यादा रजिस्ट्री होती रही है। यह पहली बार है, जब महिलाओं के नाम पर ज्यादा रजिस्ट्री होने लगी है। पंजीयन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मई में 1105 महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री हुई है। इससे महिलाएं जहां अब प्रॉपर्टी की मालिक बन गई हैं, वहीं उनके नाम से रजिस्ट्री होने से पंजीयन शुल्क में 50 प्रतिशत की बचत भी हुई है। इस तरह महिलाओं ने बचत राशि के रूप में अपने-अपने परिवारों को एक बड़ी राशि का फायदा भी कराया है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कोसरंगी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कोसरंगी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवम प्राथमिक शाला में नव प्रवेशित हुए बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ स्वागत कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। ग्राम पंचायत कोसरंगी के सरपंच सुरेश कुमार साहू ने सभा को संबोधित करते हुए बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शाला समिति के अध्यक्ष टुकेश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि द्वारका साहू, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ठाकुर राम साहू, राजेंद्र गिरी गोस्वामी एवम सभी शिक्षकगण, पालकगण उपस्थित रहे।



### शहीद स्मारक में मनाया जाएगा योग दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 21 जून रविवार को योग दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने बताया कि सुबह 5 बजे शहीद स्मारक प्रांगण पर योग कराया जाएगा। सभी लोगों से योग के लिए योग मेट या दरी लेकर का अनुरोध किया है।



### गढ़फुलझर स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

**बसना।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के निर्देश अनुसार सभी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। गढ़फुलझर स्कूल में बहुत हर्षो उल्लास के साथ बच्चों को तिलक गुलाल लगाकर नया शिक्षा सत्र की शुरुआत शुरू हुई। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लखेश्वर सिंह कंवर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अनिल सिंह साव, नोडल प्राचार्य सुरेश कुमार पटेल, अरुण कुमार प्रधान, नरेंद्र कुमार पटेल प्रभारी प्रधान पाठक, जितेंद्र कुमार भोई, रोहित कुमार साहू, कृष्ण किशोर यादव, गोकुल नंद, भारती कुर्रे आदि मौजूद रहे।

### वीणापाणि संगीत विद्यालय में संगीत शिक्षण 1 जुलाई से प्रारंभ

**सरायपाली।** प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद द्वारा मान्यता प्राप्त वीणा पाणि संगीत विद्यालय /महाविद्यालय बस्ती सरायपाली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संगीत के अलग-अलग विधाओं में संगीत शिक्षा ग्रहण करने के लिए 1 जुलाई से अलग-अलग दो बैच में कक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। संगीत शिक्षा के संदर्भ में विद्यालय संचालक जन्मजय नायक ने बताया संगीत शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास किया जाएगा। संगीत से जुड़ा व्यक्ति संस्कार के करीब होता है। जब छात्र संगीत बजाते हैं तो यह उनके कलात्मक मन के एक हिस्से को अभिव्यक्त करने का अवसर देता है, जो एक बच्चे को बौद्धिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से संतुलित करने में मददगार होता है।

### हितग्राहियों को 30 तक ई-केवाईसी कराने की अपील

**महासमुंद।** महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कार्य 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने बताया कि जिले में महतारी वंदन योजना के कुल 3 लाख 18 हजार 576 हितग्राही हैं, जिनमें से 2 लाख 92 हजार 97 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण हो चुका है। 26 हजार 479 हितग्राहियों का ई-केवाईसी अभी शेष है।



# खरीफ फसल की तैयारी शुरू, ट्रैक्टर और नांगर-बैल के साथ किसानों ने खेत की ओर किया रुख, खुर्रा बोनी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- ट्यूबवेल साधन संपन्न किसान रोपाई के लिए डाल रहे धान बीज

ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष भीमसेनी एकादशी के पहले इस क्षेत्र में खरीफ फसल की तैयारी में किसान जुट गए हैं। ट्यूबवेल साधन सम्पन्न वाले किसान रोपाई के लिए पहले खेत में पानी छोड़ने के बाद ट्रैक्टर से जुताई के पश्चात अब बीज का छिड़काव कर रहे है। इधर, मानसून पर निर्भर किसानों ने भी खेत की साफ सफाई के साथ ही मेढपार की मरम्मत, गोबर खाद का छिड़काव कर रहे हैं। इन दिनों चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी के चलते आखिरकार अन्नदाता ने अपनी माटी को सहेजने के लिए खेतों की ओर रुख कर लिया है। क्षेत्र में खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान की खुर्रा (सूखी) बोनी का काम शुरू हो चुका है। क्षेत्र में छोटे किसान जहां एक ओर बड़े रकबे.वाले किसान समय की बचत और ट्रैक्टर, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई हिस्सों में आज भी पारंपरिक नांगर हल छोटे और सीमांत किसान अपनी पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए बैलों की मदद से खुर्रा की बुआई कार्य में जुटे है। मानसून की पहली फुहार पड़ने से ठीक पहले सूखे खेतों में की जाने वाली 'खुर्रा बोनी' धान के अच्छे अंकुरण के लिए बेहद खास मानी जाती है। खेतों में किसानों द्वारा हाथों से बीज छिड़कने और ट्रैक्टर व नांगर बैल के जरिए जमीन को तैयार करने की क्षेत्र की कृषि क्रांति को बयां कर रही हैं। किसानों को मानसून आने का इंतजार है, तभी बोनी कार्य में गति आयेगी। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि यदि मौसम ने सही समय पर साथ दिया तो इस बार धान की बुआई और रोपा बियासी समय से पहले पूरी होने की उम्मीद है।

## सख्ती : अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लक्ष्य आधारित कार्य करने दिए निर्देश

# कर वसूली में तेजी लाने सीएमओ ने बनाई सख्त कार्ययोजना, प्रतिदिन देना होगा ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर चलाया जाएगा विशेष अभियान

नगर पालिका में राजस्व वसूली को गति देने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में सीएमओ ने कर वसूली की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लक्ष्य आधारित कार्य करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड प्रभारी एवं राजस्व अमले को प्रतिदिन की वसूली का ब्यौरा प्रस्तुत करना होगा।



बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर विशेष अभियान चलाया जाएगा और नियमानुसार वसूली सुनिश्चित की जाएगी। स्वच्छता दीदियों के साथ समन्वय कर घर-घर सर्वे कर आवासीय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की अद्यतन सूची बनाई जाएगी। इसी आधार पर यूजर चार्ज की डिमांड तय कर नियमित वसूली होगी। सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि कर वसूली नगर पालिका की आय का प्रमुख स्रोत है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वार्डवार लक्ष्य निर्धारित कर नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उन्होंने वार्ड प्रभारियों के कार्यों पर नाराजगी जताई। कई वार्डों में आंकड़े अपेक्षा के अनुरूप नहीं थे और सही जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। सीएमओ ने कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि कार्य में सुधार नहीं होने पर संबंधित वार्ड प्रभारियों का विभाग परिवर्तन किया जाएगा तथा प्रशासनिक कार्रवाई भी होगी। उन्होंने बड़े बकायादारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली और यूजर चार्ज अभियान को गति देने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता सेवाओं के संचालन के लिए यूजर चार्ज की नियमित वसूली आवश्यक है। बैठक में जल प्रभारी दुर्गेश कुंजेकार, स्थापना प्रभारी करण कुमार यादव, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी नौशाद बक्श, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी सहित राजस्व विभाग के गुमान सिंह ध्रुव, जितेंद्र मोहंती, कृष्ण कुमार वैष्णव, शुभम सोना, चंद्रशेखर पाटकर, जय किशन सोनी, मुरारी साहू, गजेंद्र यादव, राहुल विश्वकर्मा, डेविड तेलक आदि उपस्थित रहे।

## संकुल समन्वयक शिक्षा विभाग की रीढ़ गुणवत्ता सुधार के लिए करें कार्य: डीईओ

**महासमुंद।** स्थानीय बीआरसीसी कार्यालय में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बीएल देवांगन और नवपदस्थ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) भोपाल बंजारा की उपस्थिति में संकुल समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जहाँ बीआरसी जागेश्वर सिन्हा एवं सभी जोन के संकुल समन्वयक द्वारा दोनों अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए नवपदस्थ डीईओ देवांगन ने संकुल समन्वयकों को शिक्षा विभाग की रीढ़ की हड्डी बताते हुए प्रेरित किया कि वे प्रत्येक विद्यालय को निरंतर अकादमिक सहयोग प्रदान करें और जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के हित में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जानकारी दी कि जिला कार्यालय द्वारा जल्द ही सभी ब्लॉक ऑफिस को सर्विस बुक (सेवा पुस्तिका) अद्यतन करने शिविर के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे, जिससे विभागीय कार्यों में तेजी आएगी। बैठक को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा भी संबोधित किया गया। बैठक के अंत में सभी समन्वयकों और अधिकारियों ने जिले की शैक्षणिक व्यवस्था को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### शहर में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

**महासमुंद।** लायंस क्लब द्वारा योग भवन में आयोजित सात दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का सादगी पूर्ण समापन समारोह हुआ। समापन समारोह में अध्यक्ष लायन पारस चोपड़ा ने चिकित्सक डॉ वीआर चौधरी, सहयोगी देवा राम जाखड़ एवं सभी अतिथियों तथा लायन सदस्यों का स्वागत किया। साथ ही नगर की जनता द्वारा इस चिकित्सा शिविर का जो प्रतिसाद मिला उसके प्रति हर्ष एवं गौरव का अनुभव करते हुए कृतज्ञता ज्ञापन किया गया और नवोदित लायंस क्लब द्वारा भविष्य में ऐसे ही सेवा कार्य करते रहने का संकल्प दुहराते हुए जन सहयोग का अनुरोध किया गया। इस अवसर पर डॉ वीआर चौधरी, योग भवन के प्रतिनिधि दौलत चंद्राकर, शिविर के लाभार्थी हुकुम शर्मा, प्रमोद तिवारी ने आयोजन की सराहना की।

# झलप अस्पताल की बदहाली सरकारी उदासीनता का परिणाम : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने झलप के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टरों की कमी के मामले को लेकर कहा हैकि झलप के 20 बिस्तरों वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज भाजपा सरकार की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। 80 गांवों की जीवनरेखा यह अस्पताल आज खुद वेंटिलेटर पर है। दस्तावेजों में डॉक्टर और आरएमए पदस्थ हैं, लेकिन हकीकत यह है कि चिकित्सा अधिकारी तीन महीने से पीजी पढ़ाई के नाम पर गायब हैं और आरएमए दो माह से छुट्टी पर हैं। तीसरे आरएमए को भी उसकी मूल जगह वापस भेज दिया गया था। मूलतः देखा जाए तो यह 20 बिस्तरों का अस्पताल केवल दो ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के भरोसे ही चल रहा है। सुबह 10 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद यहां ईलाज की सुविधा नहीं मिल पाती। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि एक तरफ सरकारी अस्पतालों में नियर एक्सपायरी दवाओं की सप्लाई कर मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की भर्ती न कर सरकारी स्वास्थ्य सेवा को जानबूझकर बदहाल कर दिया गया है। सरकार की अनदेखी व उदासीनता के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों की सुविधाओं की मांग करते हुए कहा है कि झलप अस्पताल में शीघ्र स्थायी डॉक्टर और आरएमए की पदस्थापना की जाए।



# जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ाने लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला स्तरीय खेलकूद संपादन के लिए खेल कैलेंडर निर्माण के लिए बैठक का आयोजन स्थानीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय में 19 जून को किया गया। उक्त बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, हीना ढालेन के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में महासमुंद जिला में खेल गतिविधि संपन्न कराने के लिए खेल कैलेंडर का निर्माण किया गया।

बैठक में सभी विकासखंड के खेल प्रभारी के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों में पदस्थ व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। साथ ही गत वर्षों के क्रीड़ा अंशदान के विषय में भी चर्चा की गई तथा अंशदान जमा नहीं करने वाले विद्यालय को खेल गतिविधि में शामिल नहीं कराने का निर्णय लिया गया। खेल उपलब्धि के विषय में भी चर्चा की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यायाम शिक्षक को आगामी 29 अगस्त खेल दिवस पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय के समय सारणी में खेल गतिविधि को विशेष स्थान देने एवं बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए एक कालखंड अनिवार्य रूप शामिल करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला खेल कैलेंडर के अनुसार स्कूल में पदस्थ व्यायाम शिक्षकों को उक्त खेल आयोजन के लिए कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए गए और व्यायाम निर्देशकों को अधिक से अधिक विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कराने के प्रेरित किया गया।

# स्वरोजगार को मिली नई उड़ान, पीएम स्वनिधि योजना से बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना जिले के छोटे व्यापारियों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम बन रही है। योजना के तहत आसान ऋण सुविधा उपलब्ध होने से हितग्राहियों को अपने व्यवसाय को विस्तार देने, आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। जिले के अनेक लाभार्थी इस योजना का लाभ लेकर अपने कारोबार को नई पहचान दे रहे हैं तथा अपने परिवार के बेहतर भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। योजना से लाभान्वित हितग्राही महासमुंद के वार्ड क्रमांक 7 की निवासी राधा औसर बताती हैं कि उन्होंने अंडा विक्रय के छोटे से व्यवसाय से अपनी आजीविका की शुरुआत की थी। सीमित संसाधनों के कारण व्यवसाय का विस्तार करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, लेकिन पीएम स्वनिधि योजना से प्राप्त ऋण ने उनकी राह आसान कर दी। उन्होंने अपने कारोबार को बड़े स्तर पर विकसित किया और बढ़ती आय के साथ साड़ी व्यवसाय भी शुरू कर दिया। आज वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। इसी तरह मंजुला शर्मा ने भी योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे बताती हैं कि योजना से प्राप्त आर्थिक सहायता ने उन्हें अपने कार्य को व्यवस्थित और विस्तारित करने में मदद की, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई और जीवन स्तर बेहतर हुआ। भलेसर निवासी गोप कुमार तांडे ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना से प्राप्त राशि का उपयोग उन्होंने अपने तीन बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए किया। सीमित आय के बावजूद उन्होंने बच्चों के भविष्य को प्राथमिकता दी और योजना से मिली सहायता ने उनके इस सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज उनके बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो परिवार के उज्ज्वल भविष्य की नींव बन रही है। महासमुंद की दिव्यांग हितग्राही सविता निषाद भी इस योजना से लाभान्वित होने वाली प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं। सविता बताती हैं कि पहले वे केवल चूड़ी विक्रय का छोटा व्यवसाय करती थीं, लेकिन पीएम स्वनिधि योजना से प्राप्त सहायता ने उन्हें अपने व्यवसाय को नई दिशा देने का अवसर प्रदान किया।




### राहुल के जन्मदिन पर नगर के स्कूली बच्चों के बीच पहुंची पूर्व नपाध्यक्ष राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर शहर में स्थित नयापारा, कुम्हारपारा, गंजपारा, मौहारी भाठा के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों के बीच पहुँच कर गांधी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने बच्चों को कापी पेन मिष्ठान वितरण किया। उन्होनें छात्रों को देश का भावी भविष्य बताया और देशहित में कार्य की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर पार्षद विजय साव, सभापति सूरज नायक, कांग्रेस नेत्री गंगा बाघ, पूनम नेताम, रिंकू महानंद, सलमान, सुलेमान आदि उपस्थित रहे।

# 24 को वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर सम्मिलित होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ एवं सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद के नेतृत्व में प्रतिवर्ष 24 जून को गढ़मंडला की वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर जिला मुख्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर जिलेभर के गोंड समाज, सर्व आदिवासी समाज सहित क्षेत्रवासी व जनप्रतिनिधि गण सम्मिलित होकर उनके त्याग, बलिदान, साहस और पराक्रम को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन में समाजजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का न्यौता देने पर सहमति बनाई गई।

इसी तारतम्य में समाजजनों ने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज भीखम सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज जिला महासमुंद डेजी रानी नेताम की अगुवानी में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट मुलाकात कर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का न्यौता दिया। साथ ही आदिवासी समाज की सामाजिक एकता, संस्कृति, समाज के गौरव पूर्ण इतिहास, मातृभूमि के प्रति प्रेम-त्याग-वीरता और बलिदान से जुड़े सभी विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साय ने समाजजनों द्वारा दिए गए आमंत्रण को सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात कही है। आयोजन को लेकर समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। मुख्यमंत्री के आगमन की खबर मिलते ही समाजजन सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी और नेताओं के मन में हर्ष व्याप्त है। ज्ञात हो विगत वर्ष भी इस आयोजन पर समाज जनों ने उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने आमंत्रित किया था। किंतु, अपरिहार्य कारणों से मुख्यमंत्री का सम्मिलित हो पाना संभव नहीं हो सका था। आयोजन समिति की अरे से आयोजित कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक तैयारी की रूप रेखा 15 दिन पूर्व से ही पूर्ण कर ली गई है।



समाज के जिला मीडिया प्रभारी अजय ध्रुव ने बताया कि कार्यक्रम में जिलेभर से हजारों की संख्या में समाजजन सहित क्षेत्रवासी,जनप्रतिनिधि व स्थानीय नेतागण सम्मिलित होंगे और यह क्षण निश्चित ही ऐतिहासिक होगा। मुख्यमंत्री के आगमन पर समाजजनों में काफी उत्साह देखने मिल रहा है। मुख्यमंत्री के निवास पहुंच कर उन्हें कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आमंत्रित करने समाज के प्रतिनिधि मंडल की सदस्यीय टीम में अगवानी करते हुए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला महासमुंद भीखम सिंह ठाकुर, जिलाध्यक्ष आदिवासी ध्रुव गोंड समाज जिला महासमुंद डेजी रानी नेताम सहित जिला संरक्षक मनराखन ठाकुर, जिला संचालक घांसीराम मरई, जिला उपाध्यक्ष किशोर ध्रुव, परिक्षेत्र खल्लारी ब अध्यक्ष शिव सोरी, परिक्षेत्र सुअरमाल 2 अध्यक्ष राजकुमार पोडेटी, मुस्की परिक्षेत्र अध्यक्ष भुनेश्वर ध्रुव, सिरपुर अध्यक्ष गौतम मरई, कौड़िया 4 अध्यक्ष पलटू राम ध्रुव, कौड़िया 3 अध्यक्ष शिरामन छेदैहा, गणेश राम ध्रुव कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर पोडेटी सचिव सुअरमाल1, जिला सदस्य महेंद्र ध्रुव, दानवीर ध्रुव चक प्रधान सिरपुर राज, रूपसिंह ध्रुव उपाध्यक्ष कौड़िया 4, गणेश ध्रुव, प्रेमनाथ ध्रुव उपाध्यक्ष, श्यामकुमार ध्रुव संचालक खल्लारी ब, कृष्णा ध्रुव सह सचिव, हितेश्वर मरई जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग, टोपेश ध्रुव जिला उपाध्यक्ष युवा प्रभाग, डिम्पल ध्रुव जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग, सावित्री नेताम कार्यकारी जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्षद्वय महिला प्रभाग, भूमिक ध्रुव, सरोज नेताम, कोषाध्यक्ष शशि ध्रुव, सचिव सिलोचनी ध्रुव, सुरजौतिन ध्रुव आदि उपस्थित रहे।